


## राजनीतिक

**● क्या और भी छापे पड़ेंगे ?**

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, आने वाले कुछ महीनों में देश में आयकर विभाग और आपातकालीन विभाग के छापों में और वृद्धि होने की संभावना है। देखते हैं आगे क्या होता है।

**● कैबिनेट बैठक के बाद मोदी ने मंत्रियों से मुलाकात क्यों की ?**

कैबिनेट बैठक के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक मंत्री के साथ निजी बैठक क्यों की? क्या आप अनुमान लगा सकते हैं?

**● दो और मंत्रियों को दो-दो पोर्टफोलियो सौंपे गए**

मोदी सरकार में दो और मंत्रियों को दो-दो विभागों का प्रभार दिया गया है। इनमें शिवराज सिंह चौहान कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और लल्लन सिंह पंचायती राज एवं पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री हैं। अब आठ मंत्रिमंडलीय मंत्रियों के पास कम से कम दो-दो विभागों का प्रभार है।

**● मंत्रिमंडल में सोशल मीडिया पर सबसे अधिक प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मंत्रियों की सोशल मीडिया पहुंच और जनभागीदारी पर नजर रखने के लिए प्रस्तुत की गई एक व्यापक डिजिटल रिपोर्ट कार्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे। विस्तृत प्रदर्शन मूल्यांकन में X, Instagram, Facebook और LinkedIn सहित प्रमुख प्लेटफार्मों पर 1 मई से 15 अगस्त के बीच की डिजिटल गतिविधियों का आकलन किया गया। केवल फॉलोअर्स की कुल संख्या पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, ऑडिट में दैनिक पोस्टिंग की आवृत्ति, कुल सहभागिता, प्रति पोस्ट औसत इंटरैक्शन और मंत्रियों द्वारा सरकारी पहलों, नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से उजागर करने जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों को मापा गया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ उच्च प्रदर्शन करने वाले प्रमुख मंत्रियों में अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान जैसे वरिष्ठ नेता शामिल थे।

**● सरकार ने फर्जी खबरों का मुकाबला करने के लिए क्यूआरटी का गठन किया**

भारत सरकार के मंत्रालयों ने अब त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) का गठन शुरू कर दिया है, लेकिन आतंकवाद से निपटने के लिए नहीं। ये क्यूआरटी सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही फर्जी खबरों और गलत बयानों का मुकाबला करेंगे। प्रस्तावित क्यूआरटी का नेतृत्व एक ही जेएस करेगा।

**● केंद्र ने उच्च शिक्षा परिसर में जातिगत भेदभाव पर यूजीसी के दिशानिर्देशों पर पुनर्विचार किया**

केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि वह उच्च शिक्षा परिसरों में जाति-आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए तैयार किए गए विवादास्पद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशानिर्देशों की सक्रिय रूप से समीक्षा कर रही है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच के समक्ष पेश होते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार और यूजीसी वर्तमान में मौजूदा नियमों की जांच कर रहे हैं और साथ ही यह भी कहा कि अभी तक कोई अंतिम रुख नहीं अपनाया गया है।

## प्रशासनिक



**● राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को छह महीने का विस्तार**

राजस्थान के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास (आईएएस, राजस्थान, 1989) को 1 सितंबर, 2026 से छह महीने के लिए सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। भारत सरकार ने गुरुवार को राजस्थान सरकार के इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

(हमने यह बात 8 जुलाई, 2026 को कही थी)

**● मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति के लिए सुप्रीम कोर्ट को अभी तक सिफारिश प्राप्त नहीं हुई**

हाल ही में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति के लिए अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की थी। इनमें भरत सिंह, अमलपुष्य श्रोतिया, श्रेयस पंडित, अविनाश जरगर, कनक गेहरवार, विवेक शरण, भक्ति व्यास और राजेश शुक्ला शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, ये नाम अभी तक सर्वोच्च न्यायालय तक नहीं पहुंचे हैं।



**● राहुल मिथल को आरआईटीईईएस के सीएमडी के रूप में विस्तार**

वर्तमान में आरआईटीईईएस लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यरत राहुल मिथल को 6 अक्टूबर, 2026 के बाद से 30 जून, 2027 को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक सीएमडी के रूप में उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया है।

**● पीईएसबी ने एआई एसेट्स में सीएमडी पद के लिए विज्ञापन जारी किया**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड ने एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद के लिए विज्ञापन जारी किया है। आवेदन 10 सितंबर, 2026 तक प्राप्त हो जाने चाहिए।



**● आशीष चटर्जी को मूल कैडर तमिलनाडु वापस भेजा**

इस्पात मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार आशीष चटर्जी को उनके मूल कैडर यानी तमिलनाडु में वापस भेज दिया गया है। वे तमिलनाडु कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**● अजीत कुमार को छह माह के लिए मायगव के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा**



एसीसी ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजीत कुमार को मायगव के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार 24 मई, 2026 से छह महीने की अवधि के लिए सौंपने की बात कही गई है। वे केरल कैडर के 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**● चंद्रभान ठाकुर केंद्र में संयुक्त सचिव या समकक्ष पद के लिए सूचीबद्ध**

चंद्रभान सिंह ठाकुर, आईओएफएस (2002) को केंद्र में संयुक्त सचिव या समकक्ष पद धारण करने के लिए पैनल में शामिल किया गया है।

**● एसीसी ने सत्यजीत सिंह को मुख्य आयुक्त के पद पर पदोन्नति के लिए पैनल में शामिल करने की मंजूरी दी**

एसीसी ने राजस्व विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसमें सत्यजीत सिंह को 12.11.2025 को आयोजित डीपीसी द्वारा वर्ष 2026 के लिए अनुशंसित पैनल में शामिल किया गया है, ताकि उन्हें भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 16 में सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर के मुख्य आयुक्त के पद पर पदोन्नत किया जा सके।

# भारत-जापान की युवा पीढ़ी का मिलन, मुख्यमंत्री आवास पर गूंजा दोस्ती और भविष्य का संदेश

## मुख्यमंत्री ने जापानी विद्यार्थियों का किया आत्मीय स्वागत- यह दो संस्कृतियों और परंपराओं का मिलन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसमें कूटनीति की औपचारिकता की जगह बच्चों की मुस्कान थी, भाषाओं की दूरी की जगह संवाद था और दो देशों की संस्कृति के बीच दोस्ती का सहज सेतु बनता दिखाई दे रहा था। उत्तर प्रदेश-जापान निवेश बैठक के क्रम में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'ए डायलॉग विद द फ्यूचर' में जापान के यामानाशी प्रान्त से आए 13 विद्यार्थियों और उनके फैकल्टी सदस्यों ने लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यामानाशी प्रान्त के गवर्नर कोटारो नागासाकी की मौजूदगी में हुआ यह संवाद आने वाले भारत-जापान संबंधों की उस तस्वीर को सामने ला रहा था, जिसकी नींव आज की युवा पीढ़ी के मन में रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने जापान के यामानाशी से आए विद्यार्थियों और उनके फैकल्टी सदस्यों तथा लखनऊ के युवा साथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए जापानी अभिवादन 'ओहायो गोजाइमासु' से अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। यह प्रदेश भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है और इसे 'हार्टलैंड ऑफ इंडिया' के रूप में भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस अवध क्षेत्र में आज यह संवाद हो रहा है, उसी क्षेत्र में अयोध्या स्थित है। अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि है। जापानी विद्यार्थियों ने आगरा में ताजमहल देखा, मथुरा में भगवान् श्री कृष्ण की जन्मभूमि देखा। अब वाराणसी तथा सारनाथ जाने का अवसर उन्हें मिलेगा। सारनाथ में भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना प्रथम उपदेश दिया था। वाराणसी दुनिया की प्राचीनतम नगरियों में से एक है। इस तरह जापान से आए इन विद्यार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश की यात्रा भारत की आध्यात्मिकता, संस्कृति और सभ्यतागत विरासत को करीब से जानने का अवसर भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों का मिलन नहीं है। यह दो संस्कृतियों, दो परंपराओं और दो देशों की युवा पीढ़ियों का मिलन है। अगले वर्ष भारत और जापान के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और ऐसे समय में दोनों देशों के ये विद्यार्थी भविष्य के राजदूत के रूप में इस संबंध को नई ऊंचाई देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर भारत की सबसे बड़ी युवा कार्यशक्ति वाले उत्तर प्रदेश के बच्चे हैं और दूसरी ओर तकनीक, परंपरा और प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले जापान के बच्चे। एक बच्चा लखनऊ के किसी गांव से आया है और दूसरा जापान के किसी गांव से। एक हिंदी बोलता है, दूसरा जापानी लेकिन दोनों के बीच सबसे बड़ी समानता यह है कि दोनों अपने भविष्य की कहानी लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान से आए विद्यार्थियों के लिए भारत की विविधता में एकता, वसुधैव कुटुम्बकम्, भारतीय भाषाओं, दर्शन, पर्व और त्योहारों तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने का यह अवसर है। उन्होंने कहा कि जापान की नई पीढ़ी भारत को केवल एक बाजार के रूप में नहीं बल्कि एक साझा सभ्यतागत मित्र के रूप में जाने, यह इस संवाद की बड़ी उपलब्धि होगी। वहीं, भारतीय विद्यार्थियों के लिए जापान की कार्य संस्कृति, जीवन दर्शन, अनुशासन, 'इकीगाई', टीमवर्क, पारस्परिक सम्मान, स्वच्छता, समयबद्धता, पारंपरिक कलाओं और उत्सवों को समझने का अवसर है।

# कल्याण सिंह के आदर्श एवं विचार सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे : मौर्य

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, 'पद्म विभूषण' से सम्मानित कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्रद्धेय कल्याण सिंह का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और सांस्कृतिक स्वाभिमान के प्रति अटूट समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है। उनके आदर्श एवं विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बात जब राष्ट्रवाद के विरोध और तुष्टीकरण के ज़रिए वोट साधने की हो तो कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) दोनों एक ही कुंड में गोता लगाने में क़तई परहेज़ नहीं करते हैं। देश के स्वाभिमान से समझौता करने में दोनों एक-दूसरे पर बीस हैं।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' से परहेज़ है। वहीं समाजवादी पार्टी राग अलाप रही है कि उसकी सरकार बनने पर अपने उस तुर्रम खां मुस्लिम नेता को गृह मंत्री बनाएगी जो भारत माता को डायन कहता रहा हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की बात करने पर दोनों कान में तेल डालकर सो जाते हैं। दोनों दलों को समझना चाहिए 2047 में विकसित भारत का संकल्प पूरा होने तक जनता न तो उत्तर प्रदेश में सपा को सत्ता सौंपने वाली है और न देश की बागडोर कांग्रेस को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश को दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं।

मोदी का ईमानदार नेतृत्व विकास, सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है। जनता को देश बनाने वाले चाहिए, लूटने वाले नहीं। विकास करने वाले चाहिए, दंगा और तुष्टीकरण कराने वाले नहीं। कांग्रेस 'सांपनाथ' है और सपा 'नागनाथ'। इनसे जनता को बचाना भाजपा का राष्ट्रधर्म है।

# फर्रूखाबाद में गंगा तट पर सफाई कर लोगों को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जनपद में जिला गंगा समिति के तत्वावधान में सावन माह के दृष्टिगत शुक्रवार को पांचाल घाट पर गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के निर्देशन में गंगा नदी को स्वच्छ किया गया।

अभियान के दौरान गंगा घाट पर फैली प्लास्टिक, पॉलिथीन, खंडित मूर्तियां, कपड़े एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उनका समुचित निस्तारण किया गया। गंगा स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए आए श्रद्धालुओं को गंगा नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। श्रद्धालुओं को गंगा नदी में पूजा सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री विसर्जित न करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को गंगा नदी की महत्ता एवं इसकी स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए गंगा को स्वच्छ रखने में जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बाढ़ के दृष्टिगत जल लेने एवं गंगा स्नान के लिए आए कांवरियों तथा श्रद्धालुओं को विशेष सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को गहरे पानी में न जाने तथा सुरक्षित स्थान पर ही स्नान करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त घाट पर मौजूद दुकानदारों, पंडित-पुजारियों एवं नाविकों को भी निर्देशित किया गया कि वे गंगा स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक करें तथा घाट पर किसी भी प्रकार का कूड़ा-कचरा एवं पूजा सामग्री गंगा नदी में न जाने दें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को गंगा नदी को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# उत्तर प्रदेश में नौ आईपीएस का तबादला

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार देर रात शासन ने नौ आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें झांसी, मेरठ, गोंडा समेत सात जिलों के पुलिस कप्तान भी शामिल हैं। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अविनाश पांडेय को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। झांसी के एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति को पांडेय के स्थान पर मेरठ भेजा गया है। बलरामपुर के पुलिस कप्तान विकास कुमार झांसी के नए एसएसपी होंगे। हरदोई में तैनात मार्तण्ड प्रकाश सिंह को बलरामपुर पुलिस अधीक्षक के पद पर नई तैनाती मिली है।

संभल में तैनात कृष्ण कुमार को बिजनौर और बिजनौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक को गोंडा का प्रभार सौंपा गया है। बाराबंकी के पुलिस कप्तान विकास चन्द्र त्रिपाठी को संभल की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा गोंडा के कप्तान विनीत जायसवाल को सुलतानपुर और इसी पद पर तैनात सुल्तानपुर की एसपी चारू निगम को शासन ने यूपी-112 का पुलिस अधीक्षक तैनात किया गया है।

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिला की मौत, 20 मजदूर घायल

## धान की रोपाई के लिए जा रहे थे मजदूर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में सुरवल साहनी गांव के पास शुक्रवार सुबह धान की रोपाई के लिए मजदूरों को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 20 मजदूर घायल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में कमला देवी (35) की मौत हुई है। 20 मजदूर घायल हुए, जिनमें चार महिलाओं की हालत गंभीर हैं। हादसा शंकरगढ़ की नारीबारी चौकी क्षेत्र में सुरवल साहनी गांव के पास हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली में बड़ी संख्या में मजदूर सवार होकर धान की रोपाई के लिए जा रहे थे। अचानक ट्रॉली पलटने से उसमें सवार मजदूर उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया तथा पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रॉली के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकालकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

गंभीर रूप से घायल चार महिलाओं को बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। हादसे के बाद यातायात व्यवस्था को भी सामान्य कराया गया। घटना की जांच के साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार मजदूरों की संख्या और हादसे के वास्तविक कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ने निकाली तिरंगा यात्रा, नारों से गूंजा कलेक्ट्रेट

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, जौनपुर :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर अटेवा के आह्वान पर शुक्रवार को जौनपुर में तिरंगा यात्रा एवं पेंशन बचाओ रैली निकाली गई।

जिले के विभिन्न विकासखंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी इसमें शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। यात्रा का शुभारंभ अंबेडकर तिराहे से हुआ। अटेवा जिलाध्यक्ष चंदन सिंह, जिला महामंत्री इंदुप्रकाश यादव और जिला कोषाध्यक्ष नंदलाल पुष्पक के नेतृत्व में निकली यात्रा कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम प्रभारी एवं अटेवा मंडल उपाध्यक्ष रमेश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पर्यावरण एवं जन हितैषी है परिवर्तन योजना : दयाशंकर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सड़क परिवहन एवं राजामार्ग मंत्रालय भारत सरकार (मोर्थ) द्वारा परिवर्तन योजना लागू की गयी है जो कि उप्र के मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर एवं शामली में भी प्रभावी होगी।

उन्होंने बताया कि योजना में बीएस-01, बीएस-02, बीएस-03 एव बीएस-04 श्रेणी के मालवाहनों में ट्रक एवं बस को बीएस-06 डीजल/सीएनजी अथवा विद्युत (इलेक्ट्रिक) वाहनों से प्रतिस्थापित किया जाना है। इससे स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल तथा आमजन के हित में परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि उक्त श्रेणी के बस एवं मालवाहन (ट्रक) स्वामियों द्वारा वाहनों को स्क्रैप किए जाने पर निक्षेप प्रमाण-पत्र (सीओडी) प्राप्त होगा। इससे नए बीएस-6 वाहन खरीदने पर वाहन कर एवं पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट तथा मार्ग कर में 10 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा पुराने बीएस-6 वाहनों को खरीदने पर मार्ग कर में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

साथ ही उक्त वाहनों को स्क्रैप कराकर उसके स्थान पर बीएस-6 वाहन खरीदने पर 01 वर्ष से पूर्व का बकाया राजस्व पूर्णतः माफ होगा। इसके साथ ही बीएस-6 वाहनों को खरीदने पर 05 प्रतिशत ऋण अनुदान एवं 05 वर्षों तक के लिए ईंधन वाउचर भी दिया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि ईवी वाहनों के खरीदने पर 64 हजार से लेकर 2 लाख 56 हजार की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था परिवर्तन योजना में शामिल है।

**पी. के. विश्वविद्यालय शिवपुरी मध्य प्रदेश**

**पीएचडी उपाधि**



डॉ. सोनम सिंह

पी. के. विश्वविद्यालय द्वारा कु. सोनम सिंह नामांकन संख्याः 220101183 पुत्री श्री सुरेन्द्र सिंह पत्नी श्री धीरज सिंह को हिन्दी में प्रदान की गई पी.एच.डी की उपाधि शिवपुरी, 12 मई 2026 मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी की तहसील करैरा के ग्राम थनरा स्थित पी. के. विश्वविद्यालय, हिन्दी विभाग की शोधार्थिनी कु. सोनम सिंह को डॉक्टर ऑफ फिलासफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। बता दे कि कु. सोनम सिंह ने अपना शोध कार्य **''मुंशी प्रेमचंद की कहानियों में नैतिकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन''** विषय पर पूर्ण किया है। उन्होंने यह शोध **डॉ. जयसिंह यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर)**, पी.के. विश्वविद्यालय के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न किया है। उम्मीदवार की पीएचडी मौखिक परीक्षा दिनांक–12, मई 2026 को प्रातः सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। परीक्षा के सफल समापन के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने अधिसूचना जारी कर उन्हें उपाधि के लिए पात्र घोषित किया। कु. सोनम सिंह, उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के हिमालयन कालोनी, देवी खेड़ा की निवासी है। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर उन्हें विश्वविद्यालय परिवार और शुभचिंतकों, शोध केन्द्र के सदस्यों, प्राध्यापकों और इष्ट मित्रों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

**नेशनल ओलंपियाड प्रोग्राम 2026–2027**

**एस्ट्रोनॉमी, बायोलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, जूनियर साइंस में**

प्रोग्राम में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी स्टूडेंट्स को 21 और 22 नवंबर, 2026 को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (IAPT) द्वारा आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन (NSES) (साइंस सब्जेक्ट्स के लिए) में शामिल होना होगा।

NSE में क्वालिफिकेशन, 2027 के इंटरनेशनल ओलंपियाड में हिस्सा लेने की तरफ पहला कदम है।

**नामांकन करना:**

NSEs:https://www.iapt.org.in (21 अगस्त–14 सितंबर, 2026)

अधिक जानकारी के लिए: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in https://www.iapt.org.in

CBC48143/11/0005/2627

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक–2312–अ–6/26

**इश्तहार**

आवेदक राजेन्द्र श्रीवास्तव आ./पत्नी के.के. श्रीवास्तव निवासी ग्राम नयापुरा द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित खसरा नंबर 25,26/1/2, 27,31,30/1, 30/2 एवं 29/1–ए क्षेत्रफल 69.70 का विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 25/08/2026 के भीतर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/8/2026 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

1380

**न्यायालय तहसीदार तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक–0041/अ–70/2025–26
ग्राम–शाईस्ताखेड़ी
दिनांक 16.08.2026

**सूचना पत्र**

अजब सिंह वर्मा आत्मज श्री रामलाल वर्मा नि. ग्राम टीलाखेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.).. ....**विरुद्ध**.. 01 रामचरण आ. गणेशराम 02 रमेश त्यागी, रामअवतार, गणेश पुत्र आ. बद्रीप्रसाद त्यागी 03 घनश्याम जाटवा आ. मन्नूलाल 04 बनवारी शर्मा आ. श्री रंगलाल शर्मा 05 हेमराज मैथिल आ. श्री सुखराम 06 उमेश मैथिल आ. श्री अवधनारायण सभी नि. ग्राम साईस्ता खेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल, एतद् द्वारा आप सभी अनावेदकगण को सूचित किया जाता है। कि आवेद अजब सिंह वर्मा आत्मज श्री रामलाल वर्मा नि. ग्राम टीलाखेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल, ने म. प्र. द्वारा म. प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 250 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर आवेदक के स्वत्व की भूमि स्थित ग्राम शाईस्ताखेड़ी प.ह.न. 59 तहसील हुजूर जिला भोपाल में सीमाकनं प्रकरण क्रमांक 1011/1–12/2024–2025 द्वारा किए गए सीमांकन में खसरा क्रमांक 324, 325, 326, 323, 328, 327, 331, रकबा क्रमशः 0.1000 हे. 0.0900 हे. 0.2500 हे. 0.0600 हे. 0.0600 हे. 0.0600 हे. 0.1900 हे. के अंश भाग रकबा भूमि पर अनावेदकगण रमेश त्यागी, घनश्याम, गणेश त्यागी पुत्र बद्रीप्रसाद त्यागी, रामचरण आ. गणेशराम, हेमराज मैथिल आ. श्री सुखराम 08 उमेश मैथिल आ. श्री अवधनारायण सभी निवासीगण ग्राम शाईस्ताखेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल का कब्जा होने के कारण सूचना पत्र जारी किये गये थे परंतु आपको तामिल न होने के कारण आपको सूचना पत्र के माध्यम से प्रकाशत आहूत किया जा रहा है। प्रकरण नियत पेशी दिनांक 27.08.2026 नियत है जिसमें आप उपस्थित होकर अपना अभिमत पक्ष रख सकते है। आपकी अनुपस्थिति में यह मान इसके अधार पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावे।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

1379

# आपका राशिफल 22 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक 2 5 7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5